TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

**2024**

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

W e d n e s d a y

## 10 अप्रैल

1. **आर्य समाज की स्थापना दिवस–** आर्य समाज की स्थापना 10 अप्रैल, 1875 ई. को बम्बई के माणिकचंद की वाटिका में स्वामी दयानन्द सरस्वती द्वारा की गई थी। 1877 ई. में आर्य समाज का मुख्यालय लाहौर बना। आर्य समाज के अंतर्गत पाश्चात्य शिक्षा के विरोधियों ने स्वामी श्रद्धानंद, लेखराम एवं मुंशीराम के नेतृत्व में 1902 ई. में कांगड़ी के पास गुरूकुल की स्थापना की। पाश्चात्य शिक्षा के समर्थकों ने हंसराज और लाला लाजपत राय के नेतृत्व में लाहौर में 1886 ई. में दयानंद एंग्लो वैदिक (डीएवी) स्कूल की स्थापना की।
   - **संदर्भः अतीत से वर्तमान, भाग 3, अध्याय 9,** पृष्ठ 135 से जोडकर बच्चों को बतायें।
2. **विश्व होम्योपैथी दिवस–** होम्योपैथी के संस्थापक डॉ0 क्रिश्चियन फ्रेडरिक सेमुएल हैनीमैन के जन्मदिवस पर प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। चिकित्सा पद्धति के रूप में होम्योपैथी को जर्मन डॉ0 सैमुअल हैनीमैन ने 1796 ई. में विकसित किया था। होम्योपैथी अपनी दवाएं पशु, पौधे, खनिज और सिंथेटिक पदार्थों से निर्मित करती है और उन्हे लैटिन शब्दावली में लेबल करती है। यह दुनिया की दूसरी सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली चिकित्सा प्रणाली है।
3. **सार्वजनिक क्षेत्र दिवस–** सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों द्वारा राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान और उनके द्वारा निभाई जाने वाली उल्लेखनीय उपलब्धियों के बारे में जनता को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को सार्वजनिक क्षेत्र दिवस मनाया जाता है। पहला सार्वजनिक क्षेत्र दिवस 10 अप्रैल, 2010 ई. को मनाया गया था। यह स्टैडिंग कांफ्रेंस ऑफ पब्लिक इन्टरप्राइजेज के द्वारा आयोजित किया जाता है।
4. **पहली 3–डी फिल्म–** वार्नर ब्रदर ने 9 अप्रैल, 1953 को 'हाउस ऑफ वैक्स' शीर्षक से पहली 3–डी फिल्म प्रदर्शित की। यह 88 मिनट की एक हॉरर मुवी थी जो 1933 में प्रदर्शित 'मिस्ट्री ऑफ द वैक्स म्युजियम' की रिमेक थी।

- **क्या आप जानते हैं?**
  रामचंद्र चटर्जी गर्म गुब्बारे में उड़ान भरने वाले पहले भारतीय थे। गुब्बारे में उड़ने का प्रदर्शन सर्वप्रथम मोंटगोल्फियर भाइयों ने वर्ष 1783 में किया था। उस समय गुब्बारे में आदमी के जगह भेड़ और बत्तख को टोकरी से बाँधकर उड़ाया गया था। गर्म गुब्बारे का सबसे बड़ा आवरण लिफाफा कहलाता है जो प्रायः नायलॉन का बना होता है। गर्म हवा के लिए प्रोपेन और ब्यूटेन का ईंधन के रूप में इस्तेमाल होता है।



*Madhu priya*

# Teachers of Bihar

The change makers

## दिवस विशेष

10 अप्रैल

**मधु प्रिया**


# आर्यसमाज की स्थापना 10 अप्रैल




दयानन्द सरस्वती ने 10 अप्रैल सन् 1875 ई. को मुम्बई में आर्यसमाज की स्थापना की थी। इससे पूर्व उन्होंने 6 या 7 सितम्बर, 1872 को वर्तमान बिहार प्रदेश के 'आरा' स्थान पर आगमन पर भी वहां आर्यसमाज स्थापित किया था। उपलब्ध इतिहास व जानकारी के अनुसार यह प्रथम आर्यसमाज था। परन्तु उसके एक-दो ही अधिवेशन हुए। स्वामी जी के आरा से चले जाने के पश्चात् थोड़े ही दिन में उसकी गतिविधियां बन्द हो गईं।स्वामी दयानन्द ने 31 दिसम्बर 1874 से 10 जनवरी 1875 तक राजकोट में प्रवास कर वैदिक धर्म का प्रचार किया। यहां जिस कैम्प की धर्मशाला में स्वामी ठहरे, वहां उन्होंने आठ व्याख्यान दिये जिनके विषय थे ईश्वर, धर्मोदय, वेदों का अनादि और अपौरुषेय होना, पुनर्जन्म, विद्या-अविद्या, मुक्ति और बन्धन, यहां स्वामीजी ने पं. महीधर और जीवनराम शास्त्री से मूर्तिपूजा और वेदान्त-विषय पर शास्त्रार्थ भी किया। स्वामीजी का यहां राजाओं के पुत्रों की शिक्षा के कालेज, राजकुमार कालेज में एक व्याख्यान हुआ। उपदेश का विषय था "अंहिसा परमो धर्मः"। यहां स्कूल की ओर से स्वामीजी को प्रो. मैक्समूलर सम्पादित ऋग्वेद भेंट किया गया था।आर्य शब्द का अर्थ है श्रेष्ठ और प्रगतिशील। अतः आर्य समाज का अर्थ हुआ श्रेष्ठ और प्रगतिशीलों का समाज, जो वेदों के अनुकूल चलने का प्रयास करते हैं। दूसरों को उस पर चलने को प्रेरित करते हैं। आर्यसमाजियों के आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम राम और योगिराज कृष्ण हैं। महर्षि दयानंद ने उसी वेद मत को फिर से स्थापित करने के लिए आर्य समाज की नींव रखी। आर्य समाज के सब सिद्धांत और नियम वेदों पर आधारित हैं।

## पुण्यतिथि विशेष 10 अप्रैल

राकेश कुमार




**मोरारजी देसाई** *Morarji Desai*, जन्म: 29 फ़रवरी 1896; मृत्यु: 10 अप्रैल, 1995 ) को भारत के चौथे प्रधानमंत्री के रूप में जाना जाता है। वह 81 वर्ष की आयु में प्रधानमंत्री बने थे। इसके पूर्व कई बार उन्होंने प्रधानमंत्री बनने की कोशिश की परंतु असफल रहे। लेकिन ऐसा नहीं हैं कि मोरारजी प्रधानमंत्री बनने के क़ाबिल नहीं थे। वस्तुत: वह दुर्भाग्यशाली रहे कि वरिष्ठतम नेता होने के बावज़ूद उन्हें पंडित नेहरू और लालबहादुर शास्त्री के निधन के बाद भी प्रधानमंत्री नहीं बनाया गया। मोरारजी देसाई मार्च 1977 में देश के प्रधानमंत्री बने लेकिन प्रधानमंत्री के रूप में इनका कार्यकाल पूर्ण नहीं हो पाया और चौधरी चरण सिंह से मतभेदों के चलते उन्हें प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा।

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 10.04.2024

## राज्यसभा

राज्यसभा भारतीय संसद की ऊपरी प्रतिनिधि सभा है। लोकसभा निचली प्रतिनिधि सभा है। राज्यसभा में 245 सदस्य होते हैं। जिनमे 12 सदस्य भारत के राष्ट्रपति के द्वारा नामांकित होते हैं। इन्हें 'नामित सदस्य' कहा जाता है। अन्य सदस्यों का चुनाव होता है। राज्यसभा में सदस्य 6 साल के लिए चुने जाते हैं, जिनमे एक-तिहाई सदस्य हर 2 साल में सेवा-निवृत होते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



हाल ही में मशहूर हेयर स्टाइलिस्ट **आलिम हकीम** से बॉलीवुड सेलेब्स के **हेयर कटिंग्स** पर आने वाले खर्च के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उनकी फीस **1 लाख रुपए** से शुरू होती है।

# TOB
# खेल कॉर्नर

राकेश कुमार

## क्रिकेट

### सबसे कम उम्र में टेस्ट क्रिकेट में
# 10000
### रन बनाने वाले खिलाड़ी



| | |
|---|---|
| जो रूट | 31 साल और 157 दिन |
| एलिस्टर कुक | 31 साल और 157 दिन |
| सचिन तेंदुलकर | 31 साल और 326 दिन |
| जैक्स कैलिस | 33 साल और 134 दिन |
| रिकी पोंटिंग | 33 साल और 162 दिन |

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

महान स्वतंत्रता सेनानी,
भारत रत्न

## चक्रवर्ती राजगोपालाचारी

जी के जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 10 दिसम्बर 1878
मृत्यु- 25 दिसम्बर 1972




...

मधु प्रिया

/teachersofbihar

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



होम्योपैथी के जनक

# प्रो. सैमुअल हैनीमैन

जी की जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 10 अप्रैल 1755 - मृत्यु - 2 जुलाई 1843

/teachersofbihar

मधु प्रिया



महान स्वतंत्रता सेनानी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री

# श्री मोरारजी देसाई

जी की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।

जन्म-  29 फरवरी 1896 -  मृत्यु- 10 अप्रैल 1995

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

मधु प्रिया

10 अप्रैल 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

दोस्ती एक खूबसूरत जिम्मेदारी है।

**खलील जिब्रान**



राकेश कुमार